卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 96 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦11 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कम मुआवजे पर भड़के जोशीमठ के प्रभावित

### बैठक में नहीं निकला कोई नतीजा,धरने पर बैठे लोग

चमोली (उद संवाददाता)। जोशीमठ में प्रशासन के साथ स्थानीय लोगों की मुआवजे को लेकर चल रही बैठक में बात नहीं बनी। प्रशासन की ओर से प्रभावितों परिवारों को डेढ़ लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की बात कही गई, लेकिन प्रभावितों ने इसे लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद सैकड़ों लोग मलारी इन होटल के बाहर धरने पर बैठ गये। प्रभावित लोग बद्रीनाथ की दर्ज पर मुआवजा देने की मांग पर अड़े हैं। बता दें जोशीमठ में लगातार बढ़ते जा रहे खतरे को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावितों को शिफ्ट करने और फिलहाल दो होटलों को ध्वस्त करने का निर्णय लिया था। मंगलवार को विरोध के चलते प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम नहीं दे पाया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का विरोध करते हुए होटल स्वामी और स्थानीय लोगों ने क्षति का आंकलन करने और मुअवाजा देने (शेष पृष्ठ सात पर)



## पीड़ितों को मार्केट दर पर दिया जाएगा मुआवजा :सुंदरम

चमोली (उद संवाददाता)। सचिव मुख्यमंत्री आर.मीनाक्षी सुन्दरम ने कहा कि जोशीमठ में अभी तक दो होटल जो भूधंसाव के कारण लटक गए है उनको डिस्मेंटल करने का आदेश किया गया है क्योंकि ये होटल आसपास के भवनों के लिए भी खतरा बने हुए है। इसके अलावा अभी किसी का भी भवन नही (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम का विरोध करते युवा कांग्रेसी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।यूथ काग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू नेतृव यूथ काग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नगर दौरे का जोरदार प्रदर्शन करते जमकर विरोध किया। इस दौरान युवा कांग्रेस द्वारा को गिरफ्तार करने के दौरान पुलिस और



कार्यकर्ताओं में जमकर नोकझोंक हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा मुख्यमंत्री हवाई दौरे कर रहे हैं। जोशीमठ प्रकरण में सरकार की लापरवाही की वजह से सैकड़ों परिवार तबाह हो गए। सरकार द्वारा 5 हजार रुपये किराए (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में बाईक सवार गर्भवती महिला की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की वाहन से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गयी। मृतका तीन माह की गर्भवती थी। सूचना पर पुलिस



ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मूल रूप से पीलीभीत के ग्राम अटकटा थाना बरखेड़ा निवासी रवि कुमार यहां ट्रांजिट कैम्प के ठाकुरनगर में रहता है। बीती शाम वह पीलीभीत से पत्नी को दवा दिलाकर बाईक से वापस रूद्रपुर लौट रहा था। पुलभट्टा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को साईड मार दी। जिससे बाईक में पीछे बैठी सरिता छिटककर सड़क पर जा गिरी। इसी दौरान पीछे से आ रहे वाहन से कुचलकर सरिता की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। मृतका तीन माह की गर्भवती थी। पुलिस घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मचा है।

## नौकरी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नौकरी दिलाने के नाम पर 21.29 ला,त्रख की ध ेखाधड़ी करने के एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि 28 जून 2022 को न्यायालय के निर्देश पर श्रीपाल सिह पुत्र बनवारी सिह निवासी तीनपानी डाम फुलसुंगा ने सर्वेश यादव पुत्र दयाल यादव, श्रीमति शालू वर्मा पत्नी सर्वेश यादव निवासीगण ग्राम अधौली थाना सत्तरगंज सफदरगंज जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश व श्याम मोहन पुत्र राम करन निवासी ग्राम भिखारीपुर थाना रतनपुर सम्मनपुर अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश के विरूद्ध नौकरी दिलाने के नाम पर 21



लाख 29 हजार 700 रुपये धोखाधडी से हड़प लेने की रपट दर्ज कराई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना ट्राजिट कैम्प से उपनिरीक्षक धीरज टम्टा, हेकानि. अजय कुमार शाही गोमती नगर लखनऊ रवाना किया हुआ। जहां मुखबिर की सूचना पर ग्वाटी चौराहा से अभियुक्त श्याम मोहन पुत्र रामकरन को गिरफ्तार किया।उसके पास से एक पहचान पत्र सचिवालय प्रवेश पत्र जिस पर सर्वेश कुमार पद अनुसचिव कार्यालय राज्य सम्पत्ति विभाग उ०प्र०का बरामद हुआ।

## घर से बुलाकर युवक पर हमला

रूद्रपुर । विगत दिवस घर से युवक को बहला फुसलाकर बुलाकर उस पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजपाल पुत्र हीरा लाल निवासी फाजलपुर महरौला ने कहा है कि हिमांशु पुत्र कल्लूराम निवासी रम्पुरा तथा इसके अज्ञात मित्र ने उसके पुत्र कमल को 4 नवम्बर को बहला फुसला कर किसी कार्य के बहाने से अपने साथ ले गए और उसे बुरी तरह से मारा। जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के बाद उक्त हमलावर पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उत्तराखंड में दिल्ली कैपिटल्स अकादमी ने की मदन लाल क्रिकेट अकादमी संग साझेदारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी मदन लाल आवासीय क्रिकेट स्कूल / अकादमी ने आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के माध्यम से दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बार उत्तराखंड रीजन में अपने अकादमी कार्य क्रम का विस्तार किया और अब वह एएम एलसीए रुद्रपुर के साथ मिलकर काम करेगा। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व भारतीय क्रिकेटर क्रिकेटर एवं विश्व कप विजेता टीम के सदस्य मदन लाल खुराना अपने साथियों के साथ यह जानकारी देते हुए बताया कि इस साझेदारी के हिस्से के रूप में फरवरी 2023 में अकादमी में एक टैलेंट हंट आयोजित किया जाएगा और साथ ही साथ डीसीएएमएलसीए में 16 से कमआयु वर्ग के खिलाडियों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया अकादमी में राज्य के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराकर उन्हें सुपर क्रिकेट खिलाड़ी बनाने में मदद की जाएगी उन्होंने बताया कि एमेनिटी स्कूल में क्रिकेट के दो बेहतरीन मैदान उपलब्ध है जहां प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर सबा करीम ने कहाए दिल्ली कैपिटल्स को एएमएलसीए के साथ साझेदारी करने और उत्तराखंड में हमारे अकादमी प्रोग्राम का विस्तार करने की खुशी है। एएमएलसीए के पास बेहतरीन बुनियादी ढांचा है। हम युवा प्रतिभाओं को सर्वोत्तम तरीके से नर्चर करने के लिए मदीपा और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करने की आशा करते हैं। मदन लाल ने कहा अपने साथ जुड़ने पर हम डीसी (शेष पृष्ठ सात पर)



## छह पेटी अंग्रेजी शराब सहित दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने छह पेटी अवैध अंग्रेजी शराब समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर जिले भर में अवैध शराब की तस्करी रोकथाम व नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ट्रांजिट कैंप पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हर्ष खर्कवाल पुत्र गिरीश चंद्र खर्कवाल निवासी चार साहिब जादे चौक आवास विकास थाना ट्रांजिट कैंप मूलनिवासी हाउस नंबर 178 ऊंचापुल बिठौरिया थाना मुखानी हल्द्वानी, रजत सिंह पुत्र राधेश्याम निवासी चार साहिबजादे चौक आवास विकास थाना ट्रांजिट कैंप मूलनिवासी बसई कॉलोनी थाना(शेष पृष्ठ सात पर)



## नशे के कैप्सूलों के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर। ड्रग्स की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने भारी मात्रा में नशे के टैबलेट और कैप्सूल्स के साथ कुण्डेश्वरी क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कुंडेश्वरी पुलिस मुखविर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पर्वत कुंज कुंडेश्वरी निवासी हिमांशु बाठला पुत्र मुरारी लाल को ग्राम गुलजारपुर में नशे के 380 कैप्सूल और 240 टैबलेट के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके विरूद्ध सम्बंधितधाराओं में केस दर्ज किया है।

## जमा रूपये वापस मांगने पर किया फायर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निजी कम्पनी में रूपये निवेश करने के बाद जमा अवधि पूरी होने पर धनराशि वापस मांगने पर कम्पनी संचालकों द्वारा रूपये वापस न कर निवेशकर्ता से मारपीट करने और जान से मारने की नीयत से उस पर फायर करने का मामला सामने आया है। एसएसपी के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। दर्ज रपट में जमील अहमद पुत्र फिदा हुसैन निवासी ग्राम महमूदपुर तिगरी पोस्ट लालुवाला, लालाबाला, मुरादाबाद ने कहा है कि उसने टेक्नोमार्क एग्रो प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली जिसका लोकल पता रेलवे स्टेशन काशीपुर के सामने उधम सिंह नगर है। में 22 मार्च 2017 एवं 25 मार्च 2017 को कुल पांच लाख रूपये निवेश किया था। जिसकी पांच साल की अवधि पूर्ण होने पर 22 मार्च 2022 के उपरांत कुल दस लाख रुपये का भुगतान कंपनी द्वारा उसे किया जाना था। उक्त कम्पनी में काम करने वाले राशिद हुसैन पुत्र शकूर अहमद निवासी ग्राम मधुपुरी पोस्ट सागरपुर थाना सैफनी तहसील शाहबाद जिला रामपुर, मुकेश कुमार पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम बैनाजीर पोस्ट इस तह सदर थाना कोतवाली जिला रामपुर, रियाज मौ. खान पुत्र मौ. शेर खान निवासी मोहल्ला निकट ईदगाह मुंडिया पास्तोर, बाजपुर, रहमत नबी पुत्र अब्दुल नबी निवाासी उमरू खुर्द तह खटीमा, कुमारेस विश्वास पुत्र सपन विश्वास निवासी लोहियाट रोड अमाउं खटीमा, शहजाद अली पुत्र साबिर अली निवासी मोहल्ला चौधरी खेल डिबाई थाना डिबाई, बुलंदशहर, मौ. कमाल अशरफ पुत्र जमशेद आलम निवासी डिंगपुर थाना मैनाठेर मुरादाबाद कंपनी का मालिक व डायरेक्टर तथा पार्टनर बताते रहे। जब उसने अपने रकम के बाबत तगादा करना शुरू किया तो उपरोक्त लोग आनाकानी करते रहे। जमील का आरोप है 17 अगस्त 2022 की रात्रि वह अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर मुरादाबाद की ओर जा रहा था कि किसी ने बताया कि उपरोक्त लोग रुद्रपुर में मीटिंग कर रहे हैं । जिस पर वह पुरानी बिल्डिंग प्रीत विहार मोड़ इंद्रा चौक पर पंहुचा तो उक्त लोगों ने जान से मारने की नियत से उसके ऊपर फायर किया। वह बाइक चला रहा था जिससे निशाना चूक गया। बाइक छोड़कर उसने आम के बगीचे की तरफ भागकर अपनी जान बचाई। उसने (शेष पृष्ठ सात पर)

**ब्यूटी पार्लर ठेके पर उपलब्ध**

रुद्रपुर में गुलाब रेस्टोरेंट के सामने हरिमंदिर गली में स्थित 30x30 फुट की किराये की दुकान में चल रहा बहुत आधुनिक ढंग से बना हुआ ब्यूटी पार्लर पूरे साजो-सामान सहित ठेके पर लें ।
(पूर्व में Lakme की फ्रेंचाइजी रही है)

ikyj pyku d bPNd 0;fDr lid dj
ekckby lid&8077683095

# मिलावटखोरों के विरूद्ध छापेमारी के निर्देश

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यालय क्षेत्र में निवास न करने के कारण वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सितारगंज, बाजपुर का वैतन रोकने के आदेश देते हुए कहा कि वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मुख्यालय क्षेत्र में निवास करने से सम्बन्धित प्रमाण मिलने के बाद ही वेतन आहरित किया जाये। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी को बताए बिना मुख्यालय न छोड़ा जाये। जिलाधिकारी ने जनपद में मिलावटखोरों के विरूद्ध तेजी से छापेमारी करते हुए सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को संयुक्त रूप से प्रतिमाह कम से कम दो दिन मिलावटखोरी के विरूद्ध चौकिंग एवं सैम्पलिंग करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आबकारी, स्टाम्प, खनन विभाग के अधिकारियों को बैठक में पूर्ण तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 10-10 बड़े बकायेदारों के की सूचि उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने आगामी मासिक स्टाफ बैठकों में आरसी वसूली से सम्बन्धित बैंकर्स को भी बैठकों में उपस्थित रहने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अपराध समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि महिला तथा बाल अपराधों प्रकरण में तहरीर देने के पश्चात अपने बयान से पलटने वाले लोगों के विरूद्ध धारा 182 के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि विवेचनाएं नियमानुसार हो तथा विवेचनाओं में कोई भी तथ्य न छूटे ताकि अपराधियों को न्यायालय से सजा कराने में आसानी हो। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को लम्बित मजिस्ट्रीयल जांच प्राथमिकता से पूरी के निर्देश दिये। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये कि न्यायालय में लम्बित वादों को शीघ्रता से सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण करें। उन्होने चकबन्दी विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समयानुसार दिये गये लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होने कहा कि लम्बित वादों को शीघ्रता से सुनवाई कर उनका निस्तारण करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए एआरटीओ काशीपुर को निर्देश दिये कि दिये गये लक्ष्यों को निर्धारित समय में भीतर वसूल करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान जिला आबकारी अधिकारी को कड़े निर्देश जनपद के समस्त सीमाओं पर चौकिंग अभियान चलाकर अवैध तस्करी करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्यकर विभाग की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को कर की चोरी रोकने एवं वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जो व्यापारी ग्राहकों को खरीदे गये सामान का पक्का बिल नही देते है ऐसे व्यापारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने खनन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध खनन, भण्डारण तथा परिवहन के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाये। जिलाधिकारी ने खनन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि राजस्व की बढ़ोत्तरी हेतु सख्ती से कार्यवाही की जाये ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से अंकुश लगने के साथ ही राजस्व की भी बढ़ोत्तरी हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि फर्जी रवन्ने वाले वाहनों को सीज करते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाये। जिलाधिकारी ने खनन संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश खनन विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण को रोकने हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश पुलिस, राजस्व, खनन विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, ओसी मनीष बिष्ट, संयुक्त निदेश डीएस जंगपांगी, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, अभय प्रताप सिंह, राकेश चन्द्र तिवारी, कौस्तुभ मिश्रा, तुषार सैनी, रविन्द्र सिंह बिष्ट, सीमा विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# सम्मेलन में सुनी महिलाओं की समस्याएं

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। चौखुटिया ब्लॉक के विभिन्न महिला संगठनों के माध्यम से महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला संगठनों के माध्यम से आयोजित महिला सम्मेलन का उदघाटन राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष व मुख्य अतिथि ज्योति साह मिश्रा ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष ने महिलाओं की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा अच्छा स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा, आर्थिक मजबूती या रोजगार यही महिला सशक्तिकरण का फार्मूला है। इसको मिशन बनाकर हमें कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण अपने परिवार से शुरू करने की जरूरत है। सबसे पहले अपने परिवार से लड़का-लड़की का भेदभाव खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं कार्य कर रही है। महिलाएं आर्थिक रूप सशक्त हो रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए तीन चरणों में कार्य किया जा रहा है। पहला उनका स्वास्थ्य दूसरा शिक्षा तीसरा रोजगार। जब शरीर स्वस्थ्य रहेगा तो बेहतर शिक्षा ग्रहण की जा सकती है। जब हम शिक्षित होंगे तो रोजगार अपने आप मिल जाएगा। जिस दिन महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होगी तो अपने आप महिला सशक्तिकरण का नारा सार्थक हो जाएगा। यहीं महिला सशक्तिकरण का फार्मूला है। इस अवसर पर उन्होंने गुलदार के साथ लड़ते हुए अपने परिवार को बचाने वाली महिला प्रेमा देवी को 51 सौ रुपए आर्थिक सहायता दी। वहीं महिला को शीघ्र आर्थिक मदद करने और अन्य अनुमन्य सुविधा जल्द दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर उन्होंने सरकार के माध्यम से चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। महिला हेल्पलाइन, गौरा शक्ति एप व आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने को कहा। इसके बाद एक के बाद महिलाओं की समस्या सुनी। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हेम कांडपाल, जानकी देवी, मीना देवी, ममता देवी, लीलाधर मठपाल, नु सिंह बिष्ट, पवन तिवारी, रमेश गोस्वामी, हरीश कुमार, गणेश जोशी, पूरन चंद जोशी, चंदन सिंह बिष्ट, तहसीलदार विवेक राजौरी, बीडीओ दिलमणि जोशी सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।





# मुंडियाकलां में निष्पक्षता से चकबंदी कराने की मांग

बाजपुर( उद संवाददाता)।ग्राम मुंडिया कलां में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को निष्पक्षता से कराये जाने की माँग को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व ग्राम प्रधान लियाकत अली व प्रमुख समाजसेवी धर्मपाल बंसल की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन एसडीएम की गैरमौजूदगी में उनके पेशकार को सौंपा। ग्रामीणों ने माँग पूर्ण न होने पर उग्र जनांदोलन की चेतावनी दी है। मुंडिया कलां के पूर्व ग्राम प्रधान लियाकत अली का आरोप है कि ग्राम मुंडिया कलां में विगत दो दशकों से भी अधिक समय से चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत चकबंदी विभाग द्वारा न तो ग्रामीणों की कोई बैठक की गई है और न ही आकार पत्र 23 दिया गया है। मनमाने तरीके से चकबंदी प्रक्रिया अपनाकर ग्रामीणों के हकों पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर कुलदीप शर्मा, नवाब अली, जाहिद हुसैन, हरवैल सिंह, जरनैल सिंह, गुलाम साबिर, शमशाद हुसैन, मौ. कादिर, अजमुद्दीन, भूरा, मकसूद आदि थे।



# 15 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। दन्या पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक कमरे से 15 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर थानाध्यक्ष दन्या सुशील कुमार ने पुलिस टीम के साथ ग्राम ध्याड़ी दन्या में त्रिलोक सिंह के घर में छापेमारी कर 15 पेटी अवैध अग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके पर त्रिलोक सिंह पुत्र शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब की कीमत एक लाख रूपये आंकी गयी है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। टीम में थानाध्यक्ष सुशील कुमार के अलावा हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र नेगी, महिला हेड कांस्टेबल सुशीला राणा, कांस्टेबल ललित मोहन आदि शामिल थे।



# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि गश्त के दौरान बनभूलपुरा थाना पुलिस ने किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे शातिर बदमाश को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक संजीत राठौर साथी पुलिसकर्मी कांस्टेबल मुन्ना सिंह के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति पर उनकी नजर पड़ी और उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गोकुल नगर, दमुआदूंगा, काठगोदाम निवासी रजत सिंह बिष्ट पुत्र रामसिंह बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। कड़ी पूछताछ के दौरान रजत ने बताया कि वह रात में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने बरामद चाकू कब्जे में लेकर शातिर बदमाश रजत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस पकड़े गए बदमाश रजत के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।



# अघोषित विद्युत कटौती करने के खिलाफ वार्ड वासियों ने दिया ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू के नेतृत्व में विद्युत वितरण खंड नगरीय कार्यालय में एक शिष्टमंडल ने एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि विद्युत कटौती बंद की जाए। क्योंकि विद्युत कटौती की वजह से पानी की समस्या भी बनी हुई है और पढ़ने वाले बच्चों को भी पढ़ने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा रात्रि में विद्युत कटौती होने से आपराधिक घटनाओं में इजाफा होने की संभावना है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू, खालिद हुसैन, सलीम सिद्दीकी, रुखसार अहमद, शाहिद अंसारी, जाहिद अंसारी, फिरोज खान , लईक अहमद अंसारी, मनोज सागर, हाजी समसुद्दीन सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



# एसएसपी की सख्ती से सूदखोरों के खिलाफ हुई कार्रवाई

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। एसएसपी की सख्ती के बाद थाना पंतनगर पुलिस ने सूदखोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी डॉ मंजुनाथ टिसी ने सीओ को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। पुलिस के मुताबिक टा कालोनी पंतनगर निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि मार्च 2020 को अपनी डिलीवरी व अपनी नानी के कैन्सर की बीमारी के इलाज के लिये उसने अजीत कुमार निवासी झा कालोनी पंतनगर से 60 हजार रुपये 8 प्रतिशत ब्याज पर प्रतिमाह लिये थे। नानी के उपचार के लिए और रुपयों की जरूरत पड़ी तो उसने अजीत कुमार से अलग-अलग तिथियों पर कुल 680400 रूपये 10 प्रतिशत मासिक ब्याज पर लिये थे। पीड़िता का आरोप है कि इसके लिए जमीन की रजिस्ट्री उसने जबरन ली। बताया कि जिसके बाद उसने धीरे धीरे ब्याज सहित सारा रुपया चुका दिया था। पूरी धनराशि मय ब्याज के देने के बाद जब उसने जमीन के कागज व स्टाम्प वापस मांगे। आरोप है कि इसके बाद अजीत व गौरव ने उसे धमकी दी। साथ ही उसे धमकाकर गाली-गलौज कर आठ लाख रूपये और मांग की। रुपए न देने पर परिवार को जान से मरवाने की व घर से उठवाने की धमकी दे रहा है। पंतनगर थाना के इंस्पेक्टर राजेंद्र डांगी ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सूदखोर और उसके साथी पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने एसएसपी सख्ती के बाद सूदखोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने सीओ को जांच के आदेश दिए। एसएसपी डॉ मंजुनाथ टिसी ने बताया कि सूदखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी भी पीड़ित का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई को पंतनगर पुलिस को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अन्य पीड़ितों की तहरीर मिलेगी तो सूदखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तरायणी मेले में शांतिपूर्ण व्यवस्था के लिए पुलिस सख्त

बागेश्वर( उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले को शांतिपूर्वक निपटाने के लिए पुलिस सख्त हो गई है।विभिन्न पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटरों की परेड कराई जा रही है,वही पुलिस द्वारा चिन्हित लोगों को किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था में बाधा पहुँचाने और किसी भी प्रकार से अब्यवस्था फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।कोतवाली पुलिस में नामजद चार हिस्ट्रीशीटर की कोतवाल कैलाश नेगी ने परेड ली।और विभिन्न मामलों में हिस्ट्रीशीटर के तौर पर नामित आरोपियों को किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था बाधित करने,आपराधिक प्रवर्ति में लिप्त होने पर या किसी भी प्रकार के अपराध होने पर मामले में संलिप्तता मिलने पर गुंडा एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

# पिता पर चाकू से किया हमला

## दुकान में बैठी नाबालिग को चाकू की नोंक पर अगवा करने की कोशिश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में दुकान पर अकेली बैठी नाबालिग को दिनदहाड़े एक बदमाश ने चाकू की पर अगवा करने की कोशिश की। शोर होने पर वह वह चला गया। जब नाबालिग का पिता इसकी शिकायत करने थाने को जा रहा था तो बदमाश ने उसे मार्ग में घेरकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे पिता की आंख पर गंभीर चोट आ गई। बदमाश धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पिता की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पप्पू का बगीचा इंद्रानगर बनभूलपुरा निवासी लईक अहमद पुत्र वसी अहमद की नूरी मस्जिद इंद्रानगर में कपड़े की दुकान है। बताया जाता है गत एक जनवरी को लईक किसी काम के लिए रुद्रपुर गया था। जाने से पहले अपनी नाबालिग बेटी को दुकान पर बैठा गए थे। दोपहर इंद्रानगर निवासी हसीन उर्फ बिलासपुरिया दुकान पर आ पहुंचा और अकेला बैठा देख उससे अभद्र भाषा बोल चाकू निकालते हुए बोला कि ये खंजर तेरे पिता के पेट में घोंपना है। जिसके पश्चात हसीन चाकू की नोंक पर नाबालिग को अगवा करने की कोशिश करने लगा। नाबालिग के चीखने-चिल्लाने पर वहां अनेक लोगों के आ जाने से हसीन जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला । शाम को जब लईक रूद्रपुर से वापस लौटे तो बेटी ने उन्हें पूरी घटना बताई। जिसके बाद वह आरोपी की शिकायत लेकर बनभूलपुरा थाने रवाना हो गए। जब हसीन को इसकी भनक लगी तो वह अपने साथियों के साथ रास्ते में घात लगाकर बैठ गया। उसने थाने जा रहे लईक को इन्द्रानगर में रोक लिया। हसीन के साथी भूरा पुत्र दिलावर खां ने लईक के हाथ पीछे से पकड़ लिए और रिपोर्ट न लिखाने के धमकाया। न मानने पर हसीन ने लईक की सीधी आंख में चाकू घोंप दिया। लईक चीखता हुआ जमीन पर गिर गया। हसीन के साथी लईक को लात घूंसों से पीटने लगे। शोर होने पर भीड़ इकट्ठी हो गई तो हसीन अगली बार दूसरी आंख फोड़ने और बेटी को उठा ले जाने की धमकी देते हुए फरार हो गया। आनन-फानन में लोगों ने लईक को लहुलुहान हालत में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां ऑपरेशन के बाद भी लईक की आंख की रोशनी नहीं लौटी। अस्पताल से इलाज कराने के बाद अब लईक ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को
1.रिसेप्शनिष्ट( महिला )-(1),योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट-(1)योग्यता-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. सेल्स एक्जीक्यूटिव- (25), योग्यता-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. मैनेजर- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम(कमीशन के आधार पर)
6. ड्राईवर (1) योग्यता आठवीं पास
बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।
पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

सितारगंज/शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सितारगंज शक्तिफार्म के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगों ने लाखों रुपए हड़प लिए। नौकरी नही मिलने पर बेरोजगार युवाओं को ठगी का अहसास हुआ। जिसके बाद पीड़ित ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। माना जा रहा है कि ठगी के मामले में कई अन्य लोग सम्मलित हो सकते है। शक्तिफार्म क्षेत्र के रहने वाले ग्रामीण सोमवार को कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने आरोप लगाया कि एक नटवर लाल ने सरकारी नौकरी के नाम पर अलग- अलग उनसे दो से 10 लाख रुपए तक ठग लिए। आरोपी का लम्बा- चौड़ा नेटवर्क होने की संभावना है। ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ठगी के मामले का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। प्रकरण की जड़ काफी गहरी प्रतीत होती है। आरोपियों को बक्शा नही जायेगा।

# सबका विकास और विश्वास के साथ काम कर रही सरकार: इंतेजार हुसैन

गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा सरकार मानवता के साथ है इंसानियत ही भाजपा की पहचान है धर्म और जाति से ऊपर उठकर भाजपा ने विकास की राजनीति की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी ने हमारे प्रदेश और प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकास की नई दिशा दी है यही वजह है कि दुनिया के सारे देश तरक्की का रास्ता हिन्दुस्तान में खोज रहे हैं।यह बात भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इंतेजार हुसैन ने गदरपुर में प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली के आवास आजाद नगर में प्रेस वार्ता के दौरान कही।उन्होंने कहा कि भाजपा विकास के रास्ते पर चल रही है जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।उन्होंने कहा कि हम अल्पसंख्यक जरूर है लेकिन हमें सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है जो सभी को मिलता है। साफ तौर कहा कि गरीबी दूर करना भाजपा का मिशन है और रोजगार से जोड़ने का काम भाजपा कर रही है। साथ में मोजूद उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य डॉक्टर हसन नूरी ने कहा कि प्रदेश में वक्फ संपत्तियों पर जो कब्जे में हैं और जिन जगहों पर अवेध कब्जे किए हुए है खाली कराए जाएंगे ।साथ ही वक्फ संपत्तियों पर निर्माण कार्य सरकार कराएगी।प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि अल्पसंख्यको का सम्मान भाजपा के शासन में बढ़ा है कांग्रेस ने मुस्लिम समाज के वोट लिए लेकिन बेरोजगारी और गरीबी कांग्रेस ने दूर नहीं की गुरबत दूर करने का काम भाजपा सरकार कर रही है।योजनाओं का लाभ घर घर पहुंचाया जा रहा है।इस मौके पर अंजार हुसैन रासम अली सैफ अली नजीर सकलैनी वसीम समेत काफी कार्यकर्ता मोजूद थे।



# क्रय विक्रय सहकारी समिति की आय बढ़ाने को बनायेगें ठोस कार्ययोजना

बाजपुर(उद संवाददाता)। निबंधक सहकारी समितियां उत्तराखण्ड आलोक कुमार पाण्डे ने रामराज रोड स्थित क्रय विक्रय सहकारी समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति के अभिलेख जाँचे। साथ ही समिति परिसर का भ्रमण कर भण्डारण गोदामों की हालत भी देखी। समिति के पूर्व अध्यक्ष रवि सरना व प्रमुख भाजपा नेता विमल शर्मा ने समिति की आय बढ़ोत्तरी वास्ते समिति परिसर में सहकारी सीएनजी पम्प स्थापित किये जाने, पानी निकासी हेतु नाला निर्माण कराये जाने एवं समिति कार्यालय व भण्डारण गोदामों का पुनर्निर्माण करवाये जाने हेतु माँगपत्र सौंपा। जिस पर सहकारिता निबंधक पाण्डे ने हरसंभव कार्यवाही किये जाने का भरोसा दिया। उन्होंने क्रय विक्रय सहकारी समिति की आय बढ़ाने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने हेतु जिला सहायक निबंधक तुलसी बुदियाल को निर्देशित किया। पाण्डे ने कहा कि समिति की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए एक बड़े प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने समिति परिसर में आधुनिक शॉपिंग कॉम्पलैक्स बनाये जाने की भी बात कही। समिति अध्यक्ष कै. शिवराज सिंह बिष्ट व अपर जिला सहकारी अधिकारी हरीश चन्द सती ने उनका पुष्प गुच्छ प्रदान कर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला सहायक निबंधक तुलसी बुदियाल, ऊ.सिंनगर डिस्ट्रिक्ट को- ऑपरेटिव बैंक लि. के महाप्रबंधक चरन सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी हरीश चन्द सती, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता नीरज पाण्डे, ऊ.सिं.नगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लि. बाजपुर के शाखा प्रबंधक संजय मिश्रा, तराई विकास संघ के साकेत शाही, समिति लिपिक/लेखा प्रभारी मिट्ठन लाल, लिपिक/ गोदाम प्रभारी नरेश कुमार, विक्रेता राम सिंह, तौफीक अहमद, हरपाल सिंह आदि थे। सहकारिता निबंधक पाण्डे ने रामपुर रोड स्थित ऊ.सिं.नगर डिस्ट्रिक्ट को- ऑपरेटिव बैंक लि. की मुख्य शाखा का भी निरीक्षण किया।



# उत्तराखंड गौ सेवा आयोग का सदस्य बनने पर स्वागत

सितारगंज(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड गौसेवा आयोग का सदस्य नामित होने पर श्रीकृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष शीतल सिंघल व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मण्डल महामंत्री सतीश उपाध्याय का गौशाला परिसर में भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित हुआ। गौशाला ट्रस्ट के महामंत्री महेश मित्तल ने कहा कि कर्मठ व गौसेवा में समर्पित स्वंयसेवकों का सरकार ने सम्मान किया है हम उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल का धन्यवाद करते हैं। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय सलूजा, महेश मित्तल, इन्द्रजीत सिंह माटा, चन्दन श्रीवास्तव, भगवान सिंह भण्डारी, सुमीर विश्नोई, रितेश नयाल आदि मौजूद रहे।




# भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। भाजपाजिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती करनेपर बल दिया गया।वही भाजयुमो में नवनिर्वाचित प्रदेश प्रवक्ता बलवंत सिंह टँगणिया का गृह जनपद पहुँचने पर स्वागत किया गया,जिला अध्यक्ष फर्स्वाण ने स्वागत समारोह में कहा कि कार्यकर्ताओ को संगठित होकर एकजुटता के साथ संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना होगा। स्वागत सभा में संचालन पूर्व महामंत्री आदर्श कथायत एवं राजकुमार मेहता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष खड़ग टंगड़िया मथुरा प्रसाद, जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला मंत्री आशा फुलारा,किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजेंद्र परिहार जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश शाह,सोशल मीडिया रतन रामानी पंकज मेहता, कमल बनकोटी, विवेक तिवारी, सभासद मोहन उप्रेती एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल

गदरपुर(उद संवाददाता)। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ विप्रजीत विश्वास सोनू के नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की मलिन बस्तियों में पहुँचकर सुरक्षा की दृष्टि से हाइजेनिक किट व बढ़ती ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए कम्बल वितरित किये।इस दौरान डॉ सोनू विश्वास ने कहा रेड क्रॉस सोसाइटी लगातार क्षेत्र में लोगो के जीवन की रक्षा के लिए संघर्षरत रहती है जैसे रक्तदान शिविर ,शारीरिक जांच शिविर,नेत्र सम्बंधित शिविर समय समय पर करते रहते है जिस से समय रहते क्षेत्र के लोगो को किसी भी बीमारी का समय से पता चल जाये व उसका उचित उपचार मिल सके। इस दौरान सचिव राकेश कम्बोज, कोषाध्यक्ष अनामी विश्वास,डॉ बलवंत सिंह,दीपंकर मण्डल, सुधीर राय डॉ जे एल खुराना सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# सिविल जज बनी तान्या मिड्डा का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पीसीएस (जे) की परीक्षा में 11 वीं रैंक हासिल करने वाली सरस्वती इंक्लेव में रहने वाली तान्या मिड्डा को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया एवं मिड्डा



परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि सिविल जज बनी तान्या मिड्डा ने जहां अपने परिवार का नाम रोशन किया है वहीं उनका सिविल जज बनना रुद्रपुर के लिए भी गौरव की बात है पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि सही लक्ष्य, कठिन परिश्रम व समर्पण से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर सिविल जज बनी तान्या मिड्डा से उन्हें पूर्ण विश्वास है कि समाज के हर वर्ग को उनसे न्याय मिलेगा। बता दें कि परमजीत मिड्डा और रीटा मिड्डा की सुपुत्री तान्या मिड्डा का सिविल जज में चयन हुआ है। तान्या ने न सिर्फ परिवार का बल्कि रुद्रपुर का नाम रोशन किया है। तान्या की प्रारंभिक शिक्षा होली चाइल्ड स्कूल रुद्रपुर में हुई। इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने बाद तान्या ने तीर्थांकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद से वर्ष 2017 में एलएलबी की। तान्या ने 2019 में पहली बार उत्तराखंड पीसीएस जे की परीक्षा दी, लेकिन मेंस में रह गई। कोरोना काल में उन्होंने बीएमएस कालेज रुड़की से एलएलएम की परीक्षा पास की। 2021 में तान्या ने पुनः पीसीएस जे की परीक्षा दी और 11 वीं रैंक हासिल की। तान्या बताती हैं कि डांस, म्यूजिक सुनना और पढ़ना उनकी हावी रही है। वह नियमित 14 से 15 घंटे पढ़ाई करती थीं। उनका कहना है कि जज बनने की प्रेरणा उन्हें अपने पापा से मिली। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार वालों, गुरूजनों और अपने दोस्तों को देती हैं, जिन्होंने हमेशा उनका उत्साहवर्धन किया। वह बताती हैं कि वह मोबाइल में सोशल मीडिया का बहुत कम उपयोग करती रहीं हैं। उनका कहना है कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वह चाहती हैं कि न्याय सबको मिलना चाहिए। कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रह पाए । इस दौरान उन्हे बधाई देने वालों ने समाजसेवी संजय ठुकराल, हिमांशु मिड्डा, गौरव आहुजा सहित मिड्डा परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत

## कलिंगा ट्रॉफी उत्तराखंड के नाम कर गौरवान्वित किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की पूरी टीम ने उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का रुद्रपुर में भव्य स्वागत किया जिसमें उत्तराखंड के सभी खिलाड़ियों का ढोल नगाड़ो के साथ,टीका लगाकर,फूल मालाएं पहनाकर, लड्डू खिलाकर, व आरती उतारकर महिला टीम ने रोडवेज बस स्टैंड के पास भव्य स्वागत किया। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए समिति की अध्यक्ष डॉ उषा नरेंद्र जैन ने कहा कि विषम परिस्थितियों होने के बाबजूद, संशाधनों के अभाव के बावजूद भी,कई बार इन होनहार खिलाड़ियों को बसों में बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,कई बार ट्रेनों में परेशानियों होती है। इन सारी समस्याओं के बाबजूद भी आज हमारे उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का हौसला इतना बुलन्द की उड़ीसा जाकर,तीन स्टेटों को हराकर कलिंगा ट्रॉफी उत्तराखंड के नाम करके इस साल का सबसे बड़ा तोफा उत्तराखंड को देकर हम सबको गौरवान्वित किया है। इसके लिये पूरी टीम को दिल की गहराइयों से बधाईयों साथ ही इन्होंने ये भी साबित किया है कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिये परिस्थितियों कोई मायने नही रखती है। इस



दौरान उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान धनसिंह कोरंगा जी ने कहा कि इस जीत के बाद हमने पूरे उत्तराखंड से अपार प्यार व मान-सम्मान मिल रहा है। हमारी मंजिल यही नही है। उत्तराखंड सरकार का साथ मिलता रहे तो हम अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने देश का नाम रोशन करना चाहते है। खिलाड़ियों में उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान धन सिंह कोरंगा,दीपू राणा,सुबोध , आलोक,नरेश,कमल व प्रीति शामिल हुये जो ऊधमसिंह नगर जिले से है। समिति के सभी सदस्यों राधा सुभाष, हेमा, सीता, ममता,कविता,मनोज वर्मा,व नरेन्द्र सेठी जैन ने सभी खिलाड़ियों को गिफ्ट देकर उत्साह वर्धन किया।

# पंचायतों को मजबूत करने में प्रधान बीडीसी की भूमिका महत्वपूर्णः अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।ब्लॉक सभगार में आयोजित विकास खण्ड रुद्रपुर की बोर्ड बैठक में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा , खण्ड विकास अधिकारी आईएएस प्रशिक्षु अनामिका द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। वही विधायक शिव अरोरा ने बोर्ड बैठक में आये बीडीसी, प्रधान को सम्बोधित करते हुए कहा निश्चित रूप से आप सभी विकास कार्यो को नीचे तक ले जाने हेतु महत्वपूर्ण कड़ी



हो और केंद्र एव राज्य सरकार की हर योजना दूर दराज तक गांव क्षेत्र में गरीब तक पहुँचे उसके लिये हमारे बीडीसी ओर जिला पंचायत सदस्य प्रधान का उन योजनाओं के प्रति जगरूक होना जरूरी है। विधायक शिव अरोरा ने कहा भारत के लोकतंत्र में देश के प्रधानमंत्री से लेकर एक गांव के प्रधान तक कि भूमिका बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। विधायक ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हमारी पंचायते मजबूत हो हर गांव विकास के कार्यो में आगे रहे और निश्चित रूप से गांव मजबूत होगा तो देश स्वयं ही मजबूती से आगे बढ़ेगा। बैठक में राशन वितरण को लेकर भी खासा चर्चा हुई जिस पर विधायक शिव अरोरा ने कहा उनके द्वारा हाल ही में कुछ दिनों पहले खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक ली गयी थी जिनमे राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शिता से गरीब का हक गरीब को मिले यह विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने को कहा था। विधायक ने बैठक के माध्यम से स्पष्ट कहा अन्य विभागों में जो भी केंद्र एव राज्य की योजना अस्तित्व में है। उसको पूरी निष्ठा से उन योजनाओं का लाभ गरीब तक पहुँचना अधिकारी सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान हरीश खनवानी,सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा, गुरबाज सिंह, व अन्य क्षेत्रों के प्रधान बीडीसी आदि मौजूद रहे।

# झा कॉलेज में एनएसएस शिविर प्रारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर का प्रारंभ राजकीय उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय रम्पुरा में प्रारंभ हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य केसी पांडे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व जिला समन्वयक केवी सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घघाटन किया। कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने विस्तार से सात दिवसीय शिविर की कार्य योजना प्रस्तुत की। उन्होंने



बताया कि इस वर्ष शिविर का मुख्य उद्देश्य नशा तथा पॉलिथीन उन्मूलन है। साथ ही स्वयंसेवकों का आव्हान किया कि एक अनुशासित व्यक्ति ही राष्ट्रहित में अपना योगदान दे सकता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक स्वयंसेवी अनुशासन का पालन करे। इस अवसर पर छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वयंसेवीओ ने सरस्वती वंदना, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा, वंदे मातरम इत्यादि कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी काम मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दया शंकर पांडे, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पीके तिवारी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रम्पुरा के प्रधानाचार्य वीके सिंह, यतेंद्र सिंह यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, इंदिरा ग्वासकोटी, विनीता दुबे, सुधीर बाजपेई, ललित मोहन जोशी जगदीश भट्ट, वीरेंद्र धानी, बिरेश्वर मंडल, महेंद्र सिंह सहित विद्यालय के अनेक शिक्षक उपस्थित को एक आदर्श नागरिक बनकर समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि केवी सिंह ने स्वयंसेवी को एनएसएस के महत्व एवं उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी जय कुमार विश्वास द्वारा किया गया।

# चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गश्त बढ़ाने की मांग

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगर में चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस चौकी उप निरीक्षक जगत सिंह शाही को ज्ञापन सौंपकर की गश्त बढ़ाने की मांग की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल सुल्तानपुर पट्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर में चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस चौकी उप निरीक्षक जगत सिंह शाही को ज्ञापन सौंपकर रात्रि गश्त बढ़ाने की मांगकी।



इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि रात्रि में कोहरा अधिक होने के कारण चोर गिरोह सक्रिय हो गया है और इससे पूर्व में भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं साथ ही उन्होंने बताया कि व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि इस समय नगर में पुलिस द्वारा गस्त भी समय से नहीं हो पा रही है। ज्ञापन देने वालों में महेश चन्द्रा, राजू, राजेश, हरपाल वर्मा, मौ. कौनेन आदि लोगक मौजूद थे।

# जरूरतमंदों की हरसंभव सहायता कर रही भाजपा सरकारः विमल

बाजपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि के चौकों का वितरण वरिष्ठ भाजपा नेता विमल शर्मा व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान द्वारा पात्रों को किया गया। ग्राम एन.एन.टोपा निवासी मोहिनी देवी को 40 हजार रूपये एवं मझराप्रभु निवासी शीलचन्द को 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चौक सौंपा गया। इस दौरान वरिष्ठ



भाजपा नेता विमल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार जरूरतमंदों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रही है। साथ ही जनभावनाओं के अनुरूप योजनायें बनाकर आम जन को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में उत्तराखण्ड का चहुँमुखी विकास हो रहा है। इस एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशीष ठाकुर, नायब नाजिर मौ. उमर आदि थे।

# महिला पंजाबी महासभा ने सारथी फाउण्डेशन को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल महिला पंजाबी महासभा की ओर से सिटी क्लब में आयोजित लोहड़ी मेले में महिला पंजाबी महासभा की नगर अध्यक्षा श्रीमति रेनू अरोरा द्वारा सारथी फाउंडेशन को सम्मानित किया गया। बता दें सारथी फाउंडेशन की टीम लगातार क्षेत्र मे पर्यावरण का संदेश दे रही है, तथा जनता के बीच जाकर लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक कर रही है, सारथी फाउंडेशन ने सिटी क्लब मे हो रहे लोहड़ी मेले में भी 120



पौधे वितरित किए। सारथी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों को देखते हुए उत्तरांचल महिला पंजाबी महासभा ने सारथी फाउंडेशन को सम्मानित किया।इस दौरान सारथी फाउंडेशन अध्यक्ष सचिन आनन्द, अमित कुमार, मनोज अरोरा, सचिन मुंजाल, पवन दुआ, लीजा आनन्द, शालिनि शर्मा पाण्डे, रंजीत सागर, कपिश सुखीजा आदि मौजूद थे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# भू-धंसाव को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए : कांग्रेस

## कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से की वार्ता
## जोशीमठ में प्रभावित सभी परिवारों को मिले उचित मुआवजा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को सायं मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मुलाकात कर वार्ता की है। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को जोशीमठ में हुए भू.धंसाव से उत्पन्न स्थिति के बाद राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को सौंपे गये ज्ञापन में जोशीमठ में भू धांसाव से प्रभावित सभी परिवारों राहत पहुंचाने की अपील करते हुए बताया कि चमोली जनपद मे जोशीमठ नगर उत्तराखण्ड राज्य का एक ऐतिहासिक, पौराणिक धार्मिक नगर होने के साथ ही आदिगुरू संकराचार्य द्वारा स्थापित ज्योतिर्मठ नगर भी है जिसे भगवान श्रीबद्रीविशाल के तीर्थ स्थल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। विगत कुछ माह से जोशीमठ क्षेत्र घटी भारी भू स्खलन की अप्रिय घटनाओं के चलते न केवल जोशीमठ नगर पर संकट छाया है अपितु इस मानव रचित दैवीय आपदा के कारण वहां पर निवास करने वाले हजारों लोगों के सामने बेधर होने का संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस पार्टी आपके संज्ञान में लाना चाहती है कि संयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूगर्भ वैज्ञानिकों की सलाह पर वर्ष 1976 में गठित मिश्रा कमेटी की विस्तृत रिपोर्ट मे स्पष्ट रूप से जोशीमठ नगर को बचाये रखने के लिए यहां पर भारी निर्माण कार्यों पर रोक लगाये जाने की सिफारिश करने के साथ ही जोशीमठ नगर को बचाने के लिए कुछ रचनात्मक सुझाव भी दिये गये थे, परन्तु मिश्रा कमेटी के सुझावों पर अमल न करने तथा समय रहते ठोस कदम न उठाये जाने के कारण आज जोशीमठ नगर का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। जोशीमठ क्षेत्र मे लगातार घट रही भू-स्खलन की घटनाओं से सैकड़ों आवासीय मकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं ऐसी स्थिति में भयावह त्रासदी से भारी जनहानि का सामना करना पड़ सकता है । भूगर्भ शास्त्रियों की पूर्व चेतावनी के बावजूद राज्य सरकारं द्वारा दैवीय आपदा संभावित क्षेत्र में सुरक्षा के कोई प्रबन्ध नहीं किये जा रहे हैं जिससे जोशीमठ क्षेत्र के लोगों के मन में दहशत का माहौल व्याप्त है । स्थानीय लोगों की जानमाल की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु समय रहते समुचित कदम उठाने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्र के लोगों के उचित विस्थापन की व्यवस्था की जानी चाहिए । कांग्रेस पार्टी आपसे मांग करती है कि जोशीमठ नगर को बचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ठोस कदम उठाये जाय तथा जोशीमठ त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। आपदा पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार की ओर से दिये जाने वाले किराया मुआबजे को 5000 हजार रुपए से बढ़ाकर 15000 रूपये किया जाय आपदा के चलते जिन लोगों के आवासीय मकान एवं व्यावसायिक भवनों को नुकसान हुआ है उन्हें श्रीबद्रीनाथ जी की तर्ज पर 76 लाख रूपये प्रति नाली की दर से मुआबजे का भुगतान किया जाय ।आपदा से प्रभावित क्षेत्र के लोगों के विस्थापन के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की जाय तथा प्रभावित क्षेत्र के लोगों का टिहरी बांध विस्थापितों की भांति सुरक्षित स्थानों पर एकमुश्त विस्थापन किया जाय ।जोशीमठ क्षेत्र में खोदी गई सुरंगों को तुरंत बंद किया जाए तथा लोहारीनाग- पाला और पाला- मनेरी परियोजना की सुरंगों को भरने का काम तुरंत शुरू किया जाए। एन.टी.पी.सी. के साथ पूर्व में हुए समझौते के अनुपालन में जोशीमठ क्षेत्र के समस्त आवासीय मकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का बीमा कराया जाय तथा इस मानव रचित आपदा के लिए एन.टी.पी.सी. की सुरंग को एक कारक के तौर पर जिम्मेदार मानते हुए लोगों को हुए नुकसान की भरपाई एन.टी.पी.सी. से कराई जाय । रेलवे एवं अन्य परियोजनाओं को गहन वैज्ञानिक अध्ययन के उपरान्त ही चरणबद्ध तरीके से मंजूरी दी जाए तथा पर्वतीय क्षेत्र के दैवीय आपदा संभावित क्षेत्रों में अनियंत्रित विकास को रोका जाय । हमारा आपसे आग्रह है कि जोशीमठ नगर के ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक महत्व के साथ-साथ स्थानीय लोगों की जानमाल को दृष्टिगत रखते हुए मिश्रा कमेटी की सिफारिशों को लागू करने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्र के लोगों को उचित मुआबजा एवं उनके समुचित विस्थापन की व्यवस्था सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल ,प्रदेश महामंत्री पी.के.अग्रवालप्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी, नवीन जोशी, पूरन सिंह रावत, अंजु लुंठी ,विजयपाल सजवाण ,राजकुमार, मदन बिष्ट शामिल थे।



# मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस के नेता

देहरादून(उद संवाददाता)। जोशीमठ में भू-धंसाव को लेकर देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह अन्य महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने सरकार से जोशीमठ के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जोशीमठ के मुद्दे पर छह जनवरी से मुख्यमंत्री से मिलने का मांग रहे थे, समय लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। जिस कारण उन्हें मजबूरन आज उनके आवास के बाहर धरने पर बैठना पड़ा। विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मिला और जोशीमठ के हालात से अवगत कराया। इस दौरान प्रभावित परिवार को मकान किराये के रूप में दी जा रही चार हजार रुपये की राशि को 20 हजार रुपये किए जाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि आपदा राहत कार्यों में सरकार की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा कि वहां लगातार हो रहे भू-धंसाव से लोगों में दहशत है। लोगों के आवासीय और व्यावसायिक भवनों का नुकसान हुआ है। सरकार की ओर से उन्हें अब तक कोई सहायता राशि नहीं दी गई है। यहां तक कि आपदा के समय दी जानी वाली धनराशि भी नहीं दी गई है। विभिन्न शिविरों में ठहराए गए लोगों के लिए खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने प्रभावितों के क्षतिग्रस्त भवनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों का उचित मुआवजा दिए जाने और प्रभावित लोगों का सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित किए जाने की भी मांग की है।



# प्रभावितों के अस्थायी पुनर्वास का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए

## सीएम धामी ने राज्यपाल को दी राहत कार्यों की जानकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से जनपद चमोली के जोशीमठ में भू धंसाव की स्थिति पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री धामी ने जोशीमठ में भू धंसाव क्षेत्र में संचालित राहत व बचाव कार्यों और नागरिकों की सुरक्षा हेतु उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रभावितों की सुरक्षा व पुनर्वास हेतु उठाए गए कदमों एवं समस्या के समाधान हेतु तात्कालिक तथा दीर्घकालिक कार्य योजना की प्रगति की भी जानकारी भी दी। राज्यपाल ने कहा कि भू धंसाव क्षेत्र में निवासरत लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है जिसे ध्यान में रखा जाए। इसके साथ ही प्रभावितों के अस्थायी पुनर्वास का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। प्रभावित हुए लोगों को ठंड व मौसम बिगड़ने की स्थिति में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा अभी तक उठाए गए त्वरित कदमों पर संतोष जताते हुए इस कार्य में लगे सभी लोगों की सराहना की।इससे पहले राज्यपाल ने मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधू से भी मुलाकात कर जोशीमठ में भू धंसाव क्षेत्र में संचालित राहत व बचाव कार्यों और नागरिकों की सुरक्षा हेतु उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव से जुड़ी सभी एजेंसियों का समन्वय सुनिश्चित किया जाए। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से अन्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी वार्ता की।



# विधायक सुमित ने भूधंसाव प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेकर लोगों से की मुलाकात

## एक लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश ने जोशीमठ के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचकर वहां हो रहे भू- धंसाव का जायजा लिया। साथ ही भू- धंसाव के प्रभावित हुए स्थानीय लोगो से मुलाकात की और उन्हें एक लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी से पूरी जानकारी ली। विधायक सुमित नगर पालिका के चेयरमैन शैलेंद्र पवार और विधायक राजेंद्र भंडारी के साथ उन जगह पर गए जहाँ पानी का रिसाव हो रहा था। उसके बाद उन्होंने प्रभावित मकानों, दुकानों और होटलों का भी निरीक्षण किया। तहसील में जोशीमठ संघर्ष समिति द्वारा किए जा रहे धरने में पहुँचकर विधायक सुमित ने उन्हे अपना समर्थन दिया और 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की। सुमित हृदयेश ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से अभी तक मुआवजे के लिए कोई आश्वासन नहीं दिया गया हैं। बद्रीनाथ में जब मास्टर प्लैन लागू हुआ था तो 76 लाख रुपये नाली के हिसाब से स्थानीय लोगो नुकसान भरपाई दी गई थी और आज यही माँग स्थानीय विधायक की भी है जिसका सब समर्थन कर रहे हैं। विधायक राजेंद्र भंडारी और स्थानीय लोगो ने शीर्ष नेतृत्व उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चकराता प्रीतम सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित समस्त कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण और विधायकगण का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री से वह अपील करते हैं कि इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे और स्वयं जोशीमठ पहुँचकर स्थलीय निरीक्षण करे। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश के साथ व्यापार मण्डल प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, हर्षवर्धन पांडेय, चमोली जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह थोकदार, वर्तमान नगरपालिका चेयरमैन शैलेंद्र पवार, पूर्व चेयरमैन नवनीत सती, जोशीमठ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अतुल सती और युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह प्रिंस भी मौजूद रहे।



# 13 अपात्र राशन कार्ड निरस्त किये

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला पूर्ति अधिकारी दिव्या पाण्डे ने बताया कि 1 दिसम्बर 2022 को उनके द्वारा विकास खण्ड हवालबाग के ग्राम सभा कुज्याड़ी में''पात्र हो हॉ अपात्र को ना'' अभियान के तहत निरीक्षण किया गया जिसमें उक्त ग्राम सभा के 13 अपात्र राशन कार्ड धारकों द्वारा अपने राशन कार्ड मौके पर समर्पण करवाये गये। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा निम्न राशनकार्ड धारकों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जो राशन कार्ड जारी हुये है व पात्रता के मानकों में नहीं है। इस सम्बन्ध में मौके पर उन्होंने श्रीमती तारा देवी पत्नी श्री बचे सिंह कार्ड संख्या 055001197570, श्रीमती अम्बा देवी पत्नी लक्ष्मी दत्त, राशन कार्ड संख्या- 05500 1197537, श्रीमती शोभा देवी पत्नी बिशन सिंह, राशन कार्ड संख्या 055001197576 एवं श्रीमती जमुना देवी पत्नी देव सिंह राशन कार्ड संख्या-055001197587 से राशन कार्ड से सम्बन्धित जानकारी मांगी जाने पर उक्त राशन कार्डधारको द्वारा सहयोग नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर अल्मोड़ा से राशन कार्ड धारकों की आर्थिक स्थिति की जॉच हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर तहसीलदार अल्मोड़ा द्वारा अपनी जॉच आख्या में स्पष्ट किया गया है कि उक्त राशन कार्ड धारको की पारिवारिक मासिक आय रू0 15,000 से अधिक है जिसके कारण उक्त सभी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के राशन कार्ड अपात्र है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि तहसीलदार अल्मोड़ा की जॉच आख्या के आधार पर पूर्ति निरीक्षक कटारमल को निर्देशित किया गया है कि वह उक्त राशन कार्ड धारकों से माह जुलाई, 2022 से आतिथि तक उनके द्वारा लिये गये खाद्यान्न की वसूली की प्रक्रिया प्रारम्भ करें यदि नोटिस प्राप्ति के सात दिन के भीतर उक्त कार्डधारकों द्वारा उपरोक्त तिथि तक उनके द्वारा लिये गये खाद्यान्न का भुगतान नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा खाद्य सुरक्ष अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत एफआईआर0 दर्ज करा दी जाये, जिसके लिये उपरोक्त कार्डधारक स्वयं उत्तरदायी होंगे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सरकार की जवाबदेही

अगर सरकारी जमीन के किसी टुकड़े पर लोगों ने घर बना लिया, वहां बस्ती बस गई, तो उसे प्रथम दृष्टया अतिक्रमण कहा जा सकता है।कानूनी प्रावधान के मुताबिक सरकार उस जमीन को खाली करा सकती है। यह मसला सतही तौर पर भले अतिक्रमण हटाने का लग सकता है, लेकिन इसके साथ कई ऐसे पहलू जुड़े हुए हैं, जो सरकार को भी कठघरे में खड़ा करती है।हाल ही में उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन खाली कराए जाने पर ये सवाल उभरे हैं कि करीब सात दशक से बसी बस्ती को सरकार अचानक खाली कराने पहुंच जाती है, तो उसे किस हद तक उचित कहा जा सकता है। वहां इतने लंबे वक्त से लोग अगर कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे हैं तो उसकी जिम्मेदारी से सरकार क्या पूरी तरह मुक्त है? फिर अगर किन्हीं परिस्थितियों में उन्हें वहां से हटाया जा रहा है, तो वहां के लोगों के प्रति सरकार की कोई जवाबदेही है या नहीं? स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिसके तहत हल्द्वानी में रेलवे की जमीन को खाली कराया जाना था।शीर्ष अदालत के मुताबिक सिर्फ सात दिनों की छोटी अवधि के नोटिस में पचास हजार से ज्यादा की आबादी को अचानक ही किसी जगह से नहीं हटाया जा सकता। सवाल है कि अगर वे तमाम लोग वहां दशकों से रह रहे हैं तो क्या संबंधित महकमों ने नियम-कायदे या कानूनी स्थिति के प्रति उन्हें पहले कभी औपचारिक रूप से सूचित किया था? इतना तय है कि इतनी बड़ी आबादी वहां रातोंरात नहीं बस गई होगी। अगर वहां लोगों ने जमीन खरीद कर अपने घर बनाए, तो भूखंड का सौदा करने वाले वे लोग कौन थे और जब वहां की जमीन की खरीद-फरोख्त चल रही थी, तब नियामक संस्थाएं क्या कर रही थीं? अब अगर सरकार ने अतिक्रमण के तर्क पर एक बड़ी आबादी को वहां से हटाने का फैसला किया भी है तो क्या यह मानवीय प्रश्न नहीं उठता है कि पहले उसे लोगों के वैकल्पिक पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि पट्टे और जमीन की नीलामी के दावों के बीच यह तथ्य है कि लोग वहां सालों से रह रहे हैं और ऐसे में उन्हें कुछ पुनर्वास दिया जाना चाहिए।दरअसल जब सरकारी जमीन पर अवैध रूप से लोग बस रहे होते हैं तो उसमें भूमाफिया की बड़ी भूमिका हो सकती है, जो किसी भूखंड के वैध होने का आश्वासन देकर लोगों से मोटी रकम वसूलते हैं। इस बीच बस्ती बसती जाती है, सरकार की ओर से बिजली-पानी, स्कूल आदि की व्यवस्था की जाती है। खबरों के मुताबिक हल्द्वानी में विवादित इलाके के निवासियों के नाम सरकारी रिकार्ड में दर्ज हैं और वे सालों से नियमित रूप से गृह कर का भुगतान करते आ रहे हैं। क्षेत्र में कई सरकारी स्कूल, एक अस्पताल आदि ऐसी सुविधाएं हैं, जिन्हें सरकार की ओर से मुहैया कराया गया होगा। ऐसे में अचानक ही यह घोषणा कर दी जाती है कि समूची बस्ती अवैध तरीके से बसी हुई है, तो इसे कैसे देखा जाएगा? यह केवल हल्द्वानी का सवाल नहीं है। देश भर में इस तरह की स्थितियां अक्सर उभरती रही हैं। अब समय आ गया है कि केंद्र के स्तर पर स्थायी पुनर्वास नीति बनाई जाए, ताकि इस तरह की स्थितियों से निपटने में आसानी हो।

# सबसे पहले परिवारों को शिफ्ट किया जाए : सीएस

## जोशीमठ में पुनर्वास की अधूरी तैयारी से नाराज लोग सड़क पर उतरे

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने आज सचिवालय में जोशीमठ भू-धंसाव के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी चमोली से क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली व जिलाधिकारी चमोली को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि भूस्खलन से किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो इसके लिए सबसे पहले परिवारों को शिफ्ट किया जाए और उस बिल्डिंग को प्राथमिकता के आधार पर ध्वस्त किया जाए जो अधिक खतरनाक साबित हो सकती है। सीएस ने कहा कि जिन स्थानों पर प्रभावित परिवारों को रखा गया है, उन स्थानों पर उनके रहने-खाने की उचित व्यवस्था हो। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि प्रभावित नागरिकों एवं शासन प्रशासन के मध्य किसी प्रकार का कम्युनिकेशन गैप न हो। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को साथ लेकर एक असेसमेंट कमेटी बनाई जाए, जो भवन अधिक प्रभावित हैं, उन्हें प्राथमिकता पर ध्वस्त किया जाए। साथ ही कंट्रोल रूम को 24 घंटे एक्टिव मोड पर रखा जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोशीमठ से सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्री नितेश कुमार झा, श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, डॉ. रंजीत सिन्हा एवं श्री बृजेश कुमार संत सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जोशीमठ में जैसे जैसे समय बीत रहा है वैसे लोगों के घरों में दरारें बढ़ रहीं हैं मन में गुस्सा।जोशीमठ को बचाने के लिए प्रशासन ने एक्शन शुरू कर दिया है। लेकिन अधूरी तैयारी से नाराज जनता सड़क पर उतर आई। लोगों की नाराजगी मुआवजे को लेकर है साथ ही पुनर्वास की अधूरी तैयारी से भी है। इससे नाराज लोगों ने आज अधिकारियों और एनटीपीसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। लोगों ने हाईवे जाम कर दिया और काफी देर तक सड़क पर बैठे रहे। लोगों का आरोप लगाया कि प्रशासन जोर जबरदस्ती करके उन्हे घरों से निकाल रहा है। जबकि पुनर्वास की तैयारियां अधूरी हैं। लोगों का आरोप है कि न तो उन्हे रहने की समुचित व्यवस्था मिल रही है और न ही उनके जानवरों के लिए कोई व्यवस्था की जा रही है। लोगों को अगले एक दो दिनों में बारिश और बर्फबारी का डर भी सता रहा है।वहीं स्थानीय लोगों में एनटीपीसी की टनल को लेकर भी खासी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि एनटीपी की टनल के चलते पूरी जोशीमठ धंस रहा है सरकार एनटीपीसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। आपको बता दें कि सरकार ने रेड जोन में आ रहे मकानों के बाहर लाल निशान लगा दिए थे और उनमें रहने वालों को तत्काल निकाला जा रहा है। सरकार का मानना है कि अब इन मकानों में एक पल भी रुकना खतरे से खाली नहीं है लिहाजा रेड जोन के इलाकों को तुरंत खाली कराया जाना जरूरी है।

# डीएम ने देखी मेला स्थल की व्यवस्थाएं

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कुमाऊँ की काशी के नाम से विश्व विख्यात संगम नगरी मार्कंडेय की तपोस्थलीऔर उत्तरायणी मेले की विश्वप्रसिद्धि को और भव्य बनाने के लिए जिलाधिकारी अनुराधा पालने निजी स्तर पर मेले की भव्यता को विश्वपटल पर आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। डीएम व पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने मेला स्थल का निरीक्षण कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया। जहां उन्होंने निर्माणाधीन सांस्कृतिक पंडाल, प्रदर्शनी, वीआईपी गैलरी के साथ ही सरयू घाट आरती क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेलाधिकारी व ईओ नगर पालिका को स्टेज 10 फिट आगे बढ़ाने, बैरेकेटिंग डी के साथ ही सेफ हाउस बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा स्टेज का लोनिवि व



विद्युत व्यवस्था की सेफ्टी रिपोर्ट विद्युत विभाग देना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सरयू घाट आरती क्षेत्र का निरीक्षण किया और कहा कि सरयू आरती को भव्य रूप दिया जाएगा, सरयू घाट के दोनों तटों पर 5100 दीये जलाने के साथ ही 10 महादीयों से महाआरती की जाएगी। इसके उपरांत आकर्षक लेजर शो का आयोजन होगा। उन्होंने पुलिस विभाग को संपूर्ण मेले क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए साथ ही वीआईपी गैलरी में पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से अस्थायी पुलिस चौकी के साथ ही खोया-पाया बूथ व एनाउंसर व्यवस्था भी कराने के निर्देश मौके पर दिए। उन्होंने ईओ नगर पालिका व मेलाधिकारी को सारी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी हरगिरि, उपजिलाधिकारी गरुड़ राजकुमार पांडे, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्या, ईओ सतीश कुमार, तहसीलदार तितिक्षा जोशी आदि मौजूद थे।



# बामन अवतार की कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गोपाल विहार निकट शारदा कालोनी स्थित श्री हरिधाम के वार्षिकोत्सव आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज ने अपने श्रीमुख से बामन अवतार प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध दानवीर होने का अभिमान था। उनके अहंकार को चूर करने के लिए भगवान ने तीन पग में पूरा ब्रम्हामाण्ड को इच्छा मृत्यु का वरदान था। जब वह वाणों की शैया पर थे तब यमराज उनके पास आये। उन्होंने कहा कि उनके आंसुओं से भीष्म पितामह का उद्धार हुआ और तब उन्होंने अपना शरीर त्यागा। कथा के बीच में भजनों सलूजा, अमित शर्मा, किशन लाल मिगलानी, हनी रहेजा, मनोज चावला, मनीष श्रीवास्तव, दीपक कटारिया,







के उपलक्ष्य में मंहत मनीष सलूजा के सानिध्य में चल रही श्रीमद भागवत कथ में बीती शाम कथा वाचक कर दिया। कथ वाचक देशमुख वशिष्ठ जी ने कहा कि राजा बलि दानवीर माने जाते थे। उन्हें अपने नाम दिया। साथ ही उन्होंने भीष्म पितामाह की इच्छा मृत्यु का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भीष्म पितामह जब तक प्रभु श्री कृष्ण उनके पास नहीं आयेंगे तब तक वह प्राण नहीं त्यागेंगे। श्री कृष्ण उनके पास आये और की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज,ओमप्रकाश आशू गुम्बर, मदन लाल कक्कड़, सागर कालड़ा, रवि कक्कड़, चेतन चुघ आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में सड़क सुरक्षा सप्ताह शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में आज से सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें संस्थान के



वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए वाहन चलाने के दौरान उनका पालन करने की अपील की गई। सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर ने कहा कि किसी भी वाहन चलाने के दौरान सड़क पर यातायात नियमों की किसी भी दशा में अनदेखी ना करें। दो पहिया वाहन चलाने के दौरान दोनों सवारी हेलमेट पहने तथा चार पहिया वाहन सवार सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोहरे को देखते हुए चार पहिया वाहन में फोग लाइट का उपयोग अवश्य करें ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने के दौरान आप यह बात अवश्य सोचें कि घर में आपका परिवार इंतजार कर रहा है। इसलिए वाहन की गति पर भी नियंत्रण रखें। कार्यक्रम के प्रथम दिन फैक्ट्री परिसर में यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें फैक्ट्री के समस्त कर्मचारियों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने का भी आग्रह किया गया। इस दौरान फैक्ट्री के प्रबंधक प्रबोध खेर,क्वालिटी मैनेजर नितिन, प्रोडक्शन मैनेजर संदीप सिंह, आदित्य जैन,नवेदिता,गौरव सिंह, बृजेश, गजेंद्र, रोबिन, रीमा आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री राहत कोष और भूमि मुआवजे के चेक बांटे

कपकोट (उद संवाददाता)। सरकार आमजनता की, जनता की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कर विकास की गंगा बहाना जनप्रतिनिधि का प्रमुख दायित्व है,सड़क निर्माण में कटी भूमि का मुआवजा किसानों को लंबे समय बाद वितरित किया गया। इसके लिए ग्रामीण कई बार आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन अब उनकी समस्या दूर हो गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष के भी चेक बांटे गए। विधायक सुरेश गड़िया ने बताया कि किसी भी किसान का अहित नहीं होने दिया जाएगा। रामलीला मैदान कपकोट में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हरसीला-पुड़कुनी, हरसीला-नान कन्यालीकोट, मुनार बैंड-सूपी सड़क, लीली मोटर मार्ग, शामा-लीती गोगिना, कन्यालीकोट- जगथाना, कन्याली कोट- जगथाना सड़क निर्माण का मुआवजा दिया गया। इसके तहत 43 लाख, 39 हजार रुपये के चेक बांटे गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष



के तीन लाख रूपये की धनराशि के चेक भी बांटे गए। विधायक गड़िया ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास के लिए संघर्ष जारी है। जनता के विकास के प्रति जो जिम्मेदारी मिली है उसका जिला और विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं के द्वारा धरातल पर विकास कराया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम शाही, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गणेश सुरकाली, एसडीएम मोनिका, सुरेश कांडपाल, मनोहर राम, दयाल ऐठानी, ओम प्रकाश ऐठानी आदि मौजूद रहे। संचालन हरीश कोरंगा व भगवत कोरंगा मौजूद रहे।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम राकेश कुमार मदान (RAKESH KUMAR MADAN) से बदलकर राकेश मदान ( RAKESH MADAAN) कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

-राकेश मदान(RAKESH MADAAN) पुत्र श्री हरीश चंद्र मदान (HARISH CHANDRA MADAN)निवासी A-418 आवास विकास,किच्छा जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


## हम सबके माथे की बिंदी सहज, सरल और प्यारी हिंदी

गरुड़ ( उद संवाददाता)। विश्व हिंदी दिवस पर उत्तराखंड साहित्यकार समिति के तत्वाधान में गरुड़ में ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। काव्य गोष्ठी की शुरुआत करते हुए कवि मनोज खोलिया ने कहा - ष्सरल सहज हिंदी रहे, इससे रखो लगाव। हिंदी भाषा के लिए,--रखो प्यार का भाव वरिष्ठ कवि व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ हेम चंद्र दुबे ने हिंदी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा - आन है हिंदी मान है हिंदी, हम सबकी पहचान है हिंदी कवयित्री आशा जोशी ने कहा - हिंदी से है सबका मान, ईश्वर का है ये वरदान ष। रचनाकार चंद्रशेखर बड़सीला ने हिंदी की विशेषता पर कहा - हम सबके माथे की बिंदी, सहज, सरल व प्यारी हिंदी । कवि संतोष तिवारी सागर ने कहा - कि सोच कर मन उदास होता है, वे अब भूल चुके हैं आशियाने को। ष वरिष्ठ कवि मोहन जोशी ने कहा - बिना हिंदी के सपनों में हिंदुस्तान नहीं देखा । इस दौरान रमेश पांडे बृजवासी, सुरेश जोशी, अनिल पांडे, अखिल जोशी, दिनेश नेगी आदि मौजूद थे। अध्यक्षता मोहन जोशी ने तथा संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया।

## दिलीप अधिकारी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देश के पूर्वोत्तर राज्यों नागालैंड, मेघालय, सिक्किम,मणिपुर व त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत पार्टी के नागालैंड,सिक्किम व त्रिपुरा राज्य के प्रभारी पूर्व सांसद अजॉय कुमार ने इन राज्यों की विभिन्न विधानसभा सीटों के लिए कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षको की भी नियुक्ति कर दी है। जानकारी के अनुसार राज्य प्रभारी द्वारा त्रिपुरा राज्य के लिए जारी की गई पर्यवेक्षकों की सूची में देश के कई पार्टी नेताओ के साथ उत्तराखंड राज्य के जनपद उधमसिंह



नगर निवासी कांग्रेस नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम रूद्रपुर दिलीप अधिकारी का नाम भी शामिल किया गया है। जो राज्य में पार्टी के लिए गर्व की बात है। श्री अधिकारी ने बताया कि उन्हें इस संदर्भ में पत्र प्राप्त हुआ है जिसके लिए वह पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा पार्टी ने उन पर विश्वास करके जो दायित्व सौंपा है। उस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे। श्री अधिकारी ने बताया पार्टी द्वारा उन्हें कैलाशहर सामान्य विधानसभा सीट पर पर्यवेक्षक के रुप में जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसके लिए वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। श्री अधिकारी ने कार्यकर्ताओं के साथ उपनेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी से मुलाकात की और उनसे आर्शीवाद लिया।

## पेज एक का शेष...

**कम मुआवजे पर भड़के...**की मांग उठाई थी। साथ ही जोशीमठ के अन्य प्रभावित लोग भी घर खाली कराने का विरोध कर रहे थे। जिसे लेकर आज सुबह मुख्यमंत्री के सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने प्रभावितों के साथ बैठक की। इसमें प्रभावितों को डेढ़ लाख रूपये मुआवजा देने की बात कहीं गयी। साथ ही प्रभावितों की बद्रीनाथ की तर्ज पर मुआवजे की मांग को भी प्रशासन ने नकार दिया। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि अभी तक सिर्फ दो होटल के डिस्मेंटल का आदेश जारी किया गया है। जबकि अन्य भवनों को नहीं तोड़ा जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि मार्केट रेट पर मुआवजा दिया जायेगा लेकिन मुआवजा क्या होगा यह फिलहाल अभी तय नहीं है। देर तक चली बैठक में कोई नतीजा नहीं निकलने के बाद प्रभावित लोग मलारी इन होटल के बाहर धरने पर बैठ गये। जोशीमठ मलारी इन के मालिक ठाकुर सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ की तर्ज पर मुआवजा नहीं मिलेगा, लेकिन मार्केट रेट पर होगा। हमने बोला कि मार्केट रेट बता दें लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं बता सकते तो हमने कहा कि हम भी नहीं उठेंगे। उधर जोशीमठ में दो दर्जन मकानों में दरारों की चौड़ाई और बढ़ती नजर आ रही है। जोशीमठ के आस पास की चोटियों पर बर्फबारी हुयी है। साथ ही जोशीमठ में बारिश होने के आसार भी बन रहे हैं जिससे चिंता और बढ़ती जा रही है।

**सीएम का विरोध...**के नाम पर देकर बड़ा मजाक किया जा रहा है। सरकार को पुनर्वास के लिये ठोस नीति बनाने के साथ ही वन टाइम सैटलमेंट की योजना बनानी चाहिये। साहू ने मांग की भर्ती घोटाले की तत्काल सीबीआई जाँच करवा कर असली गुनहगारों को सालाखो में भेजा जाये। युवा नेता शाहनवाज मालिक व मोनू चौहान व सचिन राठौर ने कहा सरकार अंकिता भण्डारी हत्या कांड की सीबीआई जांच करवाने डर रही गुनहगारों से सरकार में बैठे लोगों से गहरे रिश्ते है। हल्द्वानी के आईएसबीटी का शीघ्र निर्माण किया जाये। विरोध प्रदर्शन करने वालो में शाहनवाज मालिक, मयंक गोस्वामी, मोहित कुमार, सचिन राठौर, साहिल राज, रितिक बाल्मीकी, अंकुश कुमार आदि शामिल थे।



### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथकर्ता का एक प्लाट जो कि वाक्य ग्राम रम्पुरा, तह. रुद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर के खेत नं. 28/ 1/2 मि. रकबा 167.28 वर्गमीटर भूमि में स्थित है। जो शपथकर्ता ने नीलम सलूजा पत्नी श्री चरनजीत सिंह सलूजा से क्रय किया है। उक्त प्लाट को पूर्व में नीलम सलूजा ने आप श्री रितेश सिंह पुत्र श्री लाल सिंह एवं लाल सिंह पुत्र श्री महावीर सिंह से क्रय किया था। जिसका पंजीकरण सब रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा में बही संख्या-1 जिल्द 307/ 441 के पृष्ठ 245/199/204 में क्रमांक 1160 दिनांक 25.04.2008 को हुआ है। शपथकर्ता बैनामें का क्रमांक 1160 दिनांक-25.04.2008 की फोटोकॉपी कराने मैन बाजार रुद्रपुर गया था। घर वापस आते समय उक्त मूली रजिस्ट्री बैनामा रास्ते में कहीं गिरकर गुम हो गया है, यानी वास्तव में कहीं खो गया है, जिसकी शपथकर्ता द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन उक्त रजिस्ट्री बैनामा का कहीं कुछ पता नहीं चला है।

रणवीर सिंह गुप्ता पुत्र श्री रघुवीर सिंह गुप्ता निवासी-मॉडल कॉलोनी, तह. रुद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर ( उत्तराखंड )


**उत्तराखंड में दिल्ली....**टीम का स्वागत करते हैं। यह साझेदारी डीसीएमएलसीए काडर वन में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए नए अवसर खोलती है । हम अपनी अकादमी में बहुत सारी अच्छी प्रतिभाओं को नर्चर करने के लिए तत्पर हैं।एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी और एमेनिटी पब्लिक स्कूल के निदेशक सुभाष अरोड़ा ने कहा दिल्ली कैपिटल्स के साथ यह साझेदारी एक बड़ी उपलब्धि है। हम टैलेंट को बढ़ावा देने वाले स्पोर्ट्स स्कूल के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। हमारे पास कुछ बहुत अच्छे टैलेंट हैं जिन्हें हमने वर्षों से नर्चर किया है और डीसी टीम के कोचों को उनके साथ काम करने में खुशी होगी। हम आने वाले वर्षों में उत्तराखंड कुमाऊं क्षेत्र की प्रतिभाओं को नर्चर करने और उनकी मदद करने के लिए तत्पर हैं। श्री अरोरा ने कहा राज्य के गरीब परिवार के बच्चों को क्रिकेट एवं फुटबॉल खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए एकेडमी हमेशा तत्पर रही है। अकैडमी में अनेक गरीब खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की और आज कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेल में प्रतिभाग कर रहे हैं। अकादमी के रजिस्ट्रेशन आगामी 16 जनवरी 2023 से किये जायेंगे। रजिस्ट्रेशन फार्म अमेनिव स्कूल रिसेपशन काउण्टर पर तथा अकादमी की वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे अकादमी की रजिस्ट्रेशन फीस पांच हजार रुपए तथा महीने की फीस दो हजार रुपए प्रतिमाह रखी गयी है।इस अवसर पर कुणाल लाल (निदेशक एएमएलसीए), गुरदीप अरोरा, प्रीतम अरोरा, दिलीप अरोरा (निदेशकध् एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी आदि मौजूद थे।

**पीड़ितों को मार्केट ....**तोडा जा रहा है। भूधंसाव से प्रभावित भवनों का सर्वे किया जा रहा है। असुरक्षित भवनों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी विस्थापन किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को तत्कालिक तौर पर 1.5 लाख की धनराशि अंतरिम सहायता के रूप में दी जा रही है। जिसमें 50 हजार रूपये घर शिफ्ट करने तथा 1 लाख रूपये आपदा राहत मद से एडवांस में उपलब्ध कराया जा रहा है। जो कि बाद में समायोजित किया जाएगा। सरकार लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा दे रही है। जो लोग किराए के घर पर जाना चाहते है उनको 6 महीने तक 4 हजार रूपये प्रतिमाह दिए जा रहे है। इससे पूर्व उन्होंने हितधारकों एवं स्थानीय लोगों के साथ बैठक करते हुए स्पष्ट किया कि भूधंसाव से जो भी यहां पर प्रभावित हुए है उनको मार्केट दर पर मुआवजा दिया जाएगा। मार्केट की दर हितधारकों के सुझाव लेकर और जनहित में ही तय किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय लोगों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सर्वे एक हफ्ते में निपटा लिया जायेगा। जोशीमठ नगर क्षेत्र में भू-धंसाव के कारण 723 भवनों को चिन्हित किया गया है जिनमें दरारें आयी है।131 परिवारों के 462 लोगों को अस्थायी शिविरों में विस्थापित किया है।

**छह पेटी अंग्रेजी शराब...** संपूर्णानगर लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से सेंट्रो कार संख्या यूए04ई 9450 में 6 पेटी बकाडी कैनबेरी रम बरामद की गयी। दोनों के खिलाफ थाना ट्रांजिट कैम्प में 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद कोर्ट भेजने की कार्रवाई की गयी।

**जमा रूपये वापिस...**112 पर पुलिस को सूचना दीं लेकिन वहां कोई नहीं पंहुचा । आज भी उपरोक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं । घटना की सूचना प्रार्थी कोतवाली में लिखित रूप से दी किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikhoti +919690256666
Pilikhoti +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)